प्राचार्य मेहता, कमांडेंट सतेंद्र कुमार ने दिलाई संजौली कॉलेज में 'एकता और ईमानदारी की शपथ'

प्राचार्य मेहता, कमांडेंट सतेंद्र कुमार ने दिलाई संजौली कॉलेज में 'एकता और ईमानदारी की शपथ'

आज दिनांक 31 अक्तुबर 2019 को उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 144 वीं जयंती के अवसर पर 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ चंद्र भान मेहता जी ने स्वयंसेवियों, अन्य विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को 'एकता शपथ' दिलाई। इस दौरान महाविद्यालय परिसर से लेकर शिमला के रिज मैदान तक 'यूनिटी रुन' यानि 'एकता दौड़' का आयोजन भी किया गया जिसमें स्वयंसेवियों ने बढ़चढकर भाग लिया और समाज को एकता का संदेश दिया।

इसके साथ ही 'विजिलेंस अवेयरनेस वीक' यानि 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के तहत आईटीबीपी के कमांडेंट श्री सतेंद्र कुमार जी ने महाविद्यालय के स्वयंसेवियों और छात्रों को 'इंटेग्रिटी - ए वे ऑफ लाइफ' यानि 'ईमानदारी - एक जीवन शैली' पर शपथ दिलाई और सभी से अपने आप एवं अपने काम के प्रति हमेशा ईमानदार रहने का आह्वान किया। महाविद्यालय के लगभग 150 विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

संदेश काल्टा